समाचार

नगर निगम कोरबा ने सी.एन.ए. के माध्यम से राज्य में पहला भुगतान कराया

कोरबा 23 दिसम्बर 2024 – केन्द्र सरकार के द्वारा विकास, निर्माण व अन्य कार्यो हेतु विभिन्न मदों के अंतर्गत दी जाने वाली राशि का निर्माण एजेंसियों को भुगतान किए जाने हेतु बनाई गई सेन्ट्रल नोडल एजेंसी के माध्यम से छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में नगर पालिक निगम कोरबा ने पहला भुगतान संबंधित निर्माण एजेंसी को कराए जाने का श्रेय प्राप्त किया है। यहॉ उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न मदों के अंतर्गत प्राप्त राशि का संबंधित निर्माण एजेंसियों के भुगतान हेतु सेन्ट्रल नोडल एजेंसी बनाई गई है। नगरीय निकायों द्वारा इन मदों के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यो के देयकों का सम्पूर्ण विवरण जिला सांख्यिकीय विभाग को भेजा जाता है तथा उक्त विभाग द्वारा सेन्ट्रल नोडल एजेंसी को भेज दिया जाता है, सेन्ट्रल नोडल एजेंसी उक्त कार्य का भुगतान करती है। नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 31 मैगजीनभांठा खरमोरा में सांसद मद से सामुदायिक भवन विस्तार व निर्माण कार्य अमृत एसोसिएट कोरबा के द्वारा कराया गया तथा वर्तमान में भुगतान राशि 06 लाख 39 हजार 124 रूपये का भुगतान सेन्ट्रल नोडल एजेंसी के माध्यम से कराया गया, जो छत्तीसगढ़ का इस माध्यम से पहला भुगतान है।